सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

संदेश

कोरोना वैश्विक महामारी के अभूतपूर्व संकट के बीच, इस वर्ष 15 अक्टूबर का दिन 'ग्लोबल हैंड-वॉशिंग दिवस' के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा साबुन से हाथ धोने और सही तरीके से हाथ धोने के सन्देश को इस दिन लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुँचाने के लिए किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

बार-बार साबुन से हाथ धोना, साफ़-सफाई रखना यह भले ही सामान्य सी बात लगे, पर इसका स्वास्थ्य और जीवन पर बहुत सकारात्मक असर होता है। कोरोना सहित कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को कम करने में यह सहायक है ।

कोरोना के संकट का पूरे देश ने, समाज के हर वर्ग ने, संकल्प, संयम और जीवटता के साथ डटकर मुकाबला किया है, जिससे लाखों जिंदगियां बचाई जा सकी हैं। पर हमें याद रखना है कि कोरोना का खतरा अभी भी बना हुआ है। इससे बचाव के लिए सबकी सजगता और सावधानी निरंतर जरूरी है।

ग्लोबल हैंड-वॉशिंग दिवस, साबुन से हाथ धोने को अपने नियमित जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने और अन्य लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने का एक अवसर है। हाथों को स्वच्छ रखना, चेहरे पर मास्क, दो गज की दूरी, ये कुछ नियम हर नागरिक को कोरोना से बचाने के मजबूत साधन हैं । हमें याद रखना है - जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं । मुझे पूरा विश्वास है कि देश ये लड़ाई जरूर जीतेगा।

जल शक्ति मंत्रालय को ग्लोबल हैंड-वॉशिंग दिवस पर किए जा रहे जन-जागरूकता के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
आश्विन 22, शक संवत् 1942
14 अक्टूबर, 2020